Alberta

समाचार विज्ञप्ति

चरण 2 के तहत COVID-19 प्रतिबंधों में लक्षित ढील

01 मार्च 2021

प्रांत में COVID-19 के फैलाव को सीमित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देशों को बनाए रखते हुए एल्बर्टा प्रतिबंधों में ढील देने के चार-चरणीय ढांचे के चरण 2 के तहत सावधानीपूर्वक आगे बढ़ेगा।

स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव कम होने और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की सँख्या 450 से नीचे रहने के कारण इनडोर फिटनेस केंद्रों और पुस्तकालयों के लिए अद्यतन स्वास्थ्य-सँबंधी दिशा-निर्देश तत्काल रूप से प्रभावी हो गए हैं।

COVID-19 के फैलाव पर स्वास्थ्य अधिकारियों की कड़ी निगरानी जारी है। सतर्कतापूर्ण दिशा-निर्देशों में खुदरा, बच्चों के खेल, और होटल, भोज, सामुदायिक हॉल व सम्मेलन केंद्रों के लिए वर्तमान प्रतिबंधों में परिवर्तनों को चरण 3 तक विलंबित किया गया है।

"हम यह मानते हुए एक सतर्क दृष्टिकोण अपना रहे हैं कि सक्रिय मामलों और अस्पतालों में भर्ती किए जाने वाले लोगों की सँख्या में गिरावट आई है, परंतु वास्तविकता यह है कि COVID-19 का खतरा बना हुआ है। पिछले कुछ सप्ताहों में एल्बर्टावासियों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप हम यह सुरक्षित कदम आगे बढ़ा रहे हैं। एल्बर्टावासियों ने अंतर लाने की अपनी क्षमता को प्रमाणित कर दिया है, इसलिए समय बीतने के साथ-साथ और भी अधिक प्रतिबंधों में ढील के लिए हमें मामलों की सँख्या कम करने के अपने प्रयासों को जारी रखना चाहिए, और एल्बर्टा की सरकार टीकों की आपूर्ति के लिए ओटावा पर दबाव बनाए रखना जारी रखेगी।"
— जेसन केनी, प्रीमियर

"मुझे खुशी है कि हम अपनी स्वास्थ्य प्रणाली का परिचालन सुनिश्चित रखते हुए प्रगति कर रहे हैं और यह प्रणाली एल्बर्टावासियों को अपनी अपेक्षा और आवश्यकता के अनुसार देखभाल प्रदान कर रही है। हम वक्र के नीचे जाने की प्रवृत्ति बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधों में ढील के लिए एक स्थायित्वपूर्ण दृष्टिकोण अपना रहे हैं। आने वाले सप्ताहों में हम सभी को एक-दूसरे को सुरक्षित रखने और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की सँख्या में और भी अधिक गिरावट लाने के लिए अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभानी होंगी।"
— टायलर शैंड्रो, स्वास्थ्य मंत्री

"हमने प्रगति की है और यह पहले से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि हम स्वास्थ्य-सँबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन और मामलों को बढ़ने से रोकने के अपने सामूहिक प्रयास जारी रखें। हमारे दिन-प्रतिदिन के चयन मायने रखते हैं, और हमें सतर्क रहना चाहिए, मास्किंग जारी रखनी चाहिए, शारीरिक दूरी का पालन करते रहना चाहिए और बीमार महसूस करने पर घर में ही रहना चाहिए।"
— डॉ. दीना हिनशॉ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य

इस चरणबद्ध दृष्टिकोण के दौरान इनडोर स्थलों में मास्क पहनने और शारीरिक दूरी की आवश्यकताएँ जारी रहेंगी, और प्रत्येक चरण में सभी गतिविधियों पर कुछ न कुछ सीमा तक प्रतिबंध लागू रहेंगे।

चरण 2: अस्पताल में भर्ती किए जाने वाले लोगों की सँख्या-सीमा — 450 और लगातार कम होती हुई

पुस्तकालय

- ये सुविधाएँ अब खुल सकती हैं, लेकिन कर्मचारियों के अतिरिक्त इनमें उपस्थितगण की सँख्या फायर कोड उपस्थिति के 15 प्रतिशत तक सीमित रखनी होगी।

इनडोर फिटनेस (आउटडोर फिटनेस में कोई परिवर्तन नहीं):

- अभी केवल एपॉइंटमेंट लेकर ही बिना निगरानी के कम तीव्रता वाले व्यक्तिपरक और सामूहिक व्यायामों की अनुमति है।
- कोच और प्रशिक्षकों सहित प्रतिभागियों के बीच हर समय तीन मीटर की अनिवार्य शारीरिक दूरी को बनाए रखना होगा, और प्रशिक्षकों व कम तीव्रता वाली गतिविधियों में भाग लेने वाले लोगों को हर समय मास्क पहने रखना होगा।
- सभी इनडोर फिटनेस सत्रों के लिए पहले से पंजीकरण कराना होगा — ड्रॉप-इन की अनुमति नहीं है।
- कम तीव्रता वाले व्यायामों में भारोत्तोलन, निम्न आवेग की नृत्य कक्षाएँ, योग, बार और इनडोर आरोहण शामिल हैं, और साथ में ट्रेडमिल्स, एलिप्टिकल्स और संबंधित उपकरणों के निम्न आवेग के उपयोग भी शामिल हैं।
- रनिंग, स्पिन और उच्च तीव्रता के इंटरवल प्रशिक्षण सहित अन्य उच्च-तीव्रता की गतिविधियों के लिए केवल प्रशिक्षक के साथ एक-के-साथ-एक आधार पर ही अनुमति है, या किसी एक परिवार के सभी सदस्यों को केवल एक ही प्रशिक्षक के साथ प्रशिक्षण करने की अनुमति है।

वर्तमान प्रतिबंधों के बारे में अतिरिक्त विवरण वेबसाइट alberta.ca पर उपलब्ध है।

चरण 3 के बारे में निर्णय COVID-19 के फैलाव के लिए कम से कम तीन सप्ताहों के मूल्यांकन के बाद लिया जाएगा। रूपांतरों (वेरिएंट) मामलों सहित अन्य मामलों और बढ़ौत्तरी के आधार पर मापकों की निगरानी की जा रही है और इनका उपयोग आगे के कदमों को रोकने या प्रतिबंधों को संभवतः बढ़ाने की आवश्यकता के बारे में किसी भी निर्णय के निर्देशन के लिए किया जाएगा।

एल्बर्टा की सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- आगे का मार्ग

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
संचार सहायक निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

अन्य सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया वेबसाइट https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx पर जाएँ।